Adda247
GET IT ON Google Play

# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025


| | |
|---|---|
| Exam Date | 06/02/2025 |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:00 AM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**


**Q.1** यदि शब्द TREASURE के प्रत्येक अक्षर को उल्टे अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?


**Ans**
✗ 1. एक
✗ 2. दो
✗ 3. तीन
✓ 4. एक का भी नहीं


**Q.2** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

✗ 1.



✗ 2.



✓ 3.



✗ 4.



**Q.3** किसी तर्क के आधार पर, 'CLICHE' को 'IHJAMF' लिखा जाता है और 'KINDLY' को 'QEOBQZ' लिखा जाता है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 'FUMBLE' को किस प्रकार लिखा जा सकता है?

**Ans**
✗ 1. MQNZQE
✗ 2. LQNZWG
✗ 3. KQNZQE
✓ 4. LQNZQF

Adda247

# Test Prime

**ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION**

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.4 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

12 31 59 114 214 ?

Ans
1. 307
2. 386
3. 368
4. 377

Q.5 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी टॉप, बैग हैं।
कुछ बैग, बिल्लियाँ हैं।
कोई भी बिल्ली, कुत्ता नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई भी टॉप, कुत्ता नहीं है।
(II): कुछ बिल्लियाँ, टॉप हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.6 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'can I go' को 'pr nt gs' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'he can swim' को 'li ed pr' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'can' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

Ans
1. nt
2. ed
3. gs
4. pr

Q.7 यदि '÷' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 ÷ 4 + 3 × 3 − 1 = ?

Ans
1. 44
2. 42
3. 56
4. 36

Q.8 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'ZIYJ' को '38' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'PXBO' को '51' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'VTUC' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 56
2. 49
3. 51
4. 42


Q.9 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

673 670 664 655 643 ?

Ans
1. 632
2. 625
3. 628
4. 630

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.10** एक पासे के फलकों पर अक्षर B, G, N, E, I और L अंकित हैं। दी गई आकृतियों में एक ही पासे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। कौन-सा फलक, फलक B के विपरीत है?




**Ans**
- ✔ 1. E
- ✘ 2. I
- ✘ 3. G
- ✘ 4. N

**Q.11** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✘ 1. EHN
- ✘ 2. JMS
- ✔ 3. WXQ
- ✘ 4. KNT

**Q.12** सात व्यक्ति, A, B, L, M, N, S और T, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
N के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। N और S के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S और T के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, L के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। A, L के ठीक दाईं ओर बैठा है।
B और T के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✘ 1. चार
- ✔ 2. तीन
- ✘ 3. एक
- ✘ 4. दो

**Q.13** P, R की बहन है। R, Q का पिता है। S, Q की पत्नी है। T, S की पुत्री है। P का T से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✘ 1. पिता के पिता की माता
- ✘ 2. पिता की माता की बहन
- ✘ 3. पिता की माता
- ✔ 4. पिता के पिता की बहन

**Q.14** उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_NJOK_LQMR_SOTP_ QVR_

**Ans**
- ✔ 1. IPNUW
- ✘ 2. IONVQ
- ✘ 3. HOQVX
- ✘ 4. HPQUX


Adda247


GET IT ON Google Play


Q.15 उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।


अंगूर, हरा, मेज़

Ans

✗ 1.


✓ 2.


✗ 3.


✗ 4.


Q.16 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

CEA GIE KMI OQM ?


Ans
✗ 1. SVQ
✗ 2. USQ
✓ 3. SUQ
✗ 4. RUQ

Q.17 ER 32 एक निश्चित तरीके से DS 34 से संबंधित है। उसी तरीके से XW 54, WX 56 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए ZB 78 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
✗ 1. YA 78
✗ 2. YA 79
✓ 3. YC 80
✗ 4. YA 80

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.18




Ans

1. 8


2. 9

3. 10

4. 7


Adda247


Q.19 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) अंतर्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।





(X)

Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.20 सात व्यक्ति, E, F, G, H, K, L और N, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। H के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। H और F के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। N के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K, L के ठीक बाईं ओर बैठा है। G, N का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के बाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. L
2. N
3. K
4. E

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

**Q.1** उच्च राजकोषीय घाटा किस प्रकार अर्थव्यवस्था से निजी निवेश के बर्हिगमन (crowding out) का कारण बन सकता है?

Ans
- ✗ 1. बाज़ार में निजी निवेश में वृद्धि के कारण
- ✓ 2. उच्च ब्याज दरों और निजी निवेश में कमी के कारण
- ✗ 3. सरकारी ऋण और कर्ज को कम करने के कारण
- ✗ 4. व्यवसायों के लिए ऋण की उपलब्धता में वृद्धि के कारण

**Q.2** 2023 में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का कौन-सा संस्करण उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया था?

Ans
- ✓ 1. तीसरा
- ✗ 2. दूसरा
- ✗ 3. पहला
- ✗ 4. चौथा

**Q.3** लैंथेनाइड्स सहित किन दो तत्वों को कभी-कभी 'दुर्लभ मृदा तत्व' कहा जाता है?

Ans
- ✓ 1. इट्रियम और स्कैंडियम
- ✗ 2. मोलिब्डेनम और पैलेडियम
- ✗ 3. रूथेनियम और ज़िरकोनियम
- ✗ 4. वैनेडियम और नाइओबियम

**Q.4** किस राज्य सरकार ने 1995 में शास्त्रीय नृत्य के क्षेत्र में 'शांतला नाट्य श्री पुरस्कार' शुरू किया?

Ans
- ✗ 1. असम
- ✗ 2. आंध्र प्रदेश
- ✓ 3. कर्नाटक
- ✗ 4. तमिलनाडु

**Q.5** निम्नलिखित में से किस भारतीय नेता को 'फ्रंटियर गांधी (Frontier Gandhi)' के नाम से जाना जाता है?

Ans
- ✓ 1. खान अब्दुल गफ्फार खान (Khan Abdul Ghaffar Khan)
- ✗ 2. मौलाना अबुल कलाम आजाद (Maulana Abul Kalam Azad)
- ✗ 3. शौकत अली (Shaukat Ali)
- ✗ 4. लियाकत अली खान (Liaquat Ali Khan)

**Q.6** समसूत्री विभाजन (mitosis) के बारे में निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए।

Ans
- ✗ 1. यह जीवों में ऊतकों की वृद्धि और मरम्मत में सहायता करता है।
- ✓ 2. संतति कोशिकाओं में गुणसूत्रों की संख्या मातृ कोशिका की तुलना में आधी होती है।
- ✗ 3. कोशिकाएँ वृद्धि के लिए विभाजित होती हैं।
- ✗ 4. प्रत्येक कोशिका, जिसे मातृ कोशिका कहा जाता है, विभाजित होकर दो समान संतति कोशिकाएँ बनाती है।

**Q.7** रामनद वी. राघवन (Ramnad V. Raghavan) निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र से जुड़े थे?

Ans
- ✗ 1. ढोलक
- ✗ 2. सारंगी
- ✓ 3. मृदंगम
- ✗ 4. नादस्वरम

**Q.8** रंगराजन समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. बैंकिंग
- ✓ 2. गरीबी
- ✗ 3. शिक्षा
- ✗ 4. बेरोजगारी

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | पृथ्वी के वायुमंडल का वह क्षेत्र जहाँ मौसमी घटनाएँ घटित होती हैं, उसे किस नाम से जाना जाता है? | |
| Ans | ✗ 1. समताप मंडल<br>✓ 2. क्षोभ मंडल<br>✗ 3. बर्हिमंडल<br>✗ 4. मध्य मंडल | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | भारतीय बैडमिंटन टीम ने _____ की टीम पर शानदार जीत दर्ज करके 2022 में पहली बार थॉमस कप खिताब जीता। | |
| Ans | ✗ 1. मलेशिया<br>✗ 2. डेनमार्क<br>✓ 3. इंडोनेशिया<br>✗ 4. जापान | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद, मौलिक अधिकारों का प्रावधान करते हैं? | |
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 15 से 35<br>✗ 2. अनुच्छेद 2 से 7<br>✗ 3. अनुच्छेद 10 से 40<br>✓ 4. अनुच्छेद 12 से 35 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | अक्टूबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, लालरिनपुई (Lalrinpuii) निम्नलिखित में से किस राज्य की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री है? | |
| Ans | ✗ 1. असम<br>✗ 2. हरियाणा<br>✗ 3. नागालैंड<br>✓ 4. मिजोरम | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.13 | चापचर कुट महोत्सव, जो सुनहरी फसल की प्रत्याशा में मनाया जाता है, मुख्य रूप से ________ का त्योहार है। | |
| Ans | ✗ 1. मध्य प्रदेश<br>✗ 2. उत्तराखंड<br>✗ 3. केरल<br>✓ 4. मिज़ोरम | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.14 | निम्नलिखित में से कौन-सा मौर्यकालीन पुरातात्विक स्थल, लकड़ी के कटधरा (wooden palisade) के अवशेषों से संबंधित है? | |
| Ans | ✗ 1. मथुरा<br>✗ 2. तक्षशिला<br>✗ 3. भीटा<br>✓ 4. बुलंदीबाग | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.15 | निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना को 'महालनोबिस योजना' के नाम से भी जाना जाता है? | |
| Ans | ✗ 1. चतुर्थ योजना<br>✓ 2. द्वितीय योजना<br>✗ 3. प्रथम योजना<br>✗ 4. सातवीं योजना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.16 | 'रोप्पी (Roppi)' ______________________ राज्य का एक लोकप्रिय लोक नृत्य है। | |
| Ans | ✓ 1. अरुणाचल प्रदेश<br>✗ 2. असम<br>✗ 3. केरल<br>✗ 4. कर्नाटक | |

Adda247

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा धर्म चीन में सबसे अधिक लोगों द्वारा माना जाता है?

Ans
✗ 1. इस्लाम
✓ 2. बौद्ध धर्म
✗ 3. ईसाई धर्म
✗ 4. हिंदू धर्म

Q.18 निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन अधिनियम ने राज्य वित्त आयोग का गठन किया?

Ans
✗ 1. 76वां संशोधन अधिनियम
✗ 2. 74वां संशोधन अधिनियम
✓ 3. 73वां संशोधन अधिनियम
✗ 4. 75वां संशोधन अधिनियम

Q.19 भारत में योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans
✗ 1. ब्रिटिश संस्कृति का अनुसरण करना
✗ 2. निजीकरण की प्रक्रिया शुरू करना
✓ 3. विकास प्रक्रिया की शुरुआत करना
✗ 4. अद्वितीयता की शुरुआत करना

Q.20 15वीं कृषि नेतृत्व पुरस्कार समिति के अनुसार, वर्ष 2024 में कृषि के लिए सर्वश्रेष्ठ भारतीय राज्य कौन-सा है?

Ans
✗ 1. गुजरात
✗ 2. हरियाणा
✓ 3. महाराष्ट्र
✗ 4. पंजाब

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(23 \times 16) \times \left\{3 \div 3 \times \frac{(19 - 13)}{3}\right\}\right]$$

Ans
✗ 1. 738
✗ 2. 745
✓ 3. 736
✗ 4. 724

Q.2 एक अर्धगोलाकार कटोरे की त्रिज्या 3.5 cm है। इसे अंदर और बाहर दोनों तरफ से पेंट किया जाना है। ₹15 प्रति 10 $cm^2$ की दर से इसे पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए। ($\pi$ = 22/7 का उपयोग करें।)

Ans
✗ 1. ₹531
✗ 2. ₹431
✓ 3. ₹231
✗ 4. ₹331

Q.3 यदि कोई ट्रेन 40 km/hr की चाल से चलती है, तो वह अपने गंतव्य पर 10 min देरी से पहुँचती है, लेकिन यदि वह 45 km/hr की चाल से चलती है, तो वह 4 min देरी से पहुँचती है। ट्रेन द्वारा यात्रा पूरी करने का सही समय ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 34 min
✗ 2. 24 min
✓ 3. 44 min
✗ 4. 45 min

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.4 यदि x का 4% = 132 है, तो x ____ के बराबर है।

Ans
1. 3400
2. 6600
3. 6700
4. 3300

Q.5 पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 50% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 14% की वृद्धि हो?

Ans
1. 24%
2. 29%
3. 76%
4. 77%

Q.6 रवि कुल कार्य का एक-चौथाई कार्य 15 दिनों में पूरा कर सकता है, छवि कुल कार्य का एक-तिहाई कार्य 18 दिनों में पूरा कर सकती है, धनी कुल कार्य का आधा कार्य 24 दिनों में पूरा कर सकती है। रवि, छवि और धनी साथ मिलकर कार्य का तीन-चौथाई कार्य कितने समय में पूरा कर सकते हैं?

Ans
1. $13\frac{47}{121}$ दिन
2. $11\frac{19}{78}$ दिन
3. $12\frac{23}{103}$ दिन
4. $10\frac{25}{31}$ दिन

Q.7 वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 406 और 1388 को भाग देने पर क्रमशः 1 और 3 शेषफल प्राप्त हो।

Ans
1. 20
2. 23
3. 15
4. 5

Q.8 गिल एक ही मूल्य पर दो कुत्ते बेचता है। एक में वह 22% का लाभ अर्जित करता है और दूसरे पर उसे 22% की हानि होती है। गिल का लाभ या हानि प्रतिशत क्या है?

Ans
1. 4.4% लाभ
2. 4.84% हानि
3. 4.84% लाभ
4. 4.4% हानि

Q.9 ज़ाकिर शहर A से शहर B तक यात्रा करता है। यदि ज़ाकिर अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{2}{3}$ चाल पर चलाता है, तो वह शहर B तक 10 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि ज़ाकिर अपनी कार सामान्य चाल से चलाता, तो शहर A से शहर B तक यात्रा करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगता?

Ans
1. 26
2. 24
3. 20
4. 30

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.10 आशीष के पास ₹1617 हैं। उसने इसे अपने पुत्रों अरुण और महेश के बीच बांट दिया तथा उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 10% ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि अरुण और महेश को क्रमशः 14 और 15 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। आशीष ने अरुण को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
✗ 1. 770
✗ 2. 870
✗ 3. 697
✓ 4. 847

Q.11 रूपेश, मंदार और केतन का औसत वज़न 45 kg है। यदि रूपेश और मंदार का औसत वज़न 43 kg है और मंदार और केतन का औसत वज़न 45 kg है, तो मंदार का वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 61
✓ 2. 41
✗ 3. 56
✗ 4. 51

Q.12 मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-15) + (-4) × 6

Ans
✗ 1. -39
✗ 2. -40
✓ 3. -37
✗ 4. -36

Q.13 30%, 25% और 40% की तीन क्रमिक छूटों के समतुल्य एकल छूट कितनी होगी?

Ans
✗ 1. 60.1%
✓ 2. 68.5%
✗ 3. 65.8%
✗ 4. 64.2%

Q.14 ₹x की धनराशि हर 10 माह के बाद चक्रवृद्धि होने वाली 12% वार्षिक ब्याज दर पर $2\frac{1}{2}$ वर्ष में ₹54,571 हो जाती है। x का मान कितना है?

Ans
✗ 1. 42000
✗ 2. 40000
✗ 3. 39000
✓ 4. 41000

Q.15 $\frac{a^2}{b^3}$ और $\frac{9b^2}{4a^3}$ का माध्यानुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{9}{4(ab)}$
✗ 2. $\frac{9}{4\sqrt{ab}}$
✗ 3. $\frac{3}{2(ab)}$
✓ 4. $\frac{3}{2\sqrt{ab}}$

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 एक रेस में 100 बाइकें भाग लेती हैं, जिनमें पीली और हरी बाइक शामिल हैं। सभी बाइकों की औसत चाल 35 km/hr है। पीली बाइकों की औसत चाल 55 km/hr है, तथा हरी बाइकों की औसत चाल 30 km/hr है। कितनी बाइकें हरी हैं?

Ans
- ✗ 1. 50
- ✗ 2. 65
- ✗ 3. 70
- ✓ 4. 80

Q.17 वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर वरुण ₹5400 की राशि का निवेश करता है और आशीष ₹9400 की राशि का निवेश करता है। यदि 3 वर्ष के अंत में, आशीष को वरुण से ₹960 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 10
- ✓ 2. 8
- ✗ 3. 6
- ✗ 4. 7

Q.18 अमित ने एक पियानो खरीदा और उसे 5% के लाभ पर गोपाल को बेच दिया। गोपाल ने इसे 25% हानि पर अक्षय को बेच दिया। यदि अक्षय ने ₹1890 का भुगतान किया, तो अमित द्वारा खरीदे गए पियानो का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 2400
- ✗ 2. 2200
- ✗ 3. 2150
- ✗ 4. 2550

Q.19 28 और 112 का तृतीयानुपाती कितना होगा?

Ans
- ✗ 1. 224
- ✗ 2. 84
- ✓ 3. 448
- ✗ 4. 336

Q.20 वह सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे, 92 और 215 को भाग देने पर शेषफल क्रमश: 7 और 11 प्राप्त होता हो?

Ans
- ✗ 1. 23
- ✗ 2. 21
- ✓ 3. 17
- ✗ 4. 19

Adda247

Section : **Part-D-English**

Q.1 The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.

The elevator / in the mall / is temporary / out of service.

Ans
- ✗ 1. out of service
- ✓ 2. is temporary
- ✗ 3. The elevator
- ✗ 4. in the mall

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.2** Select the most appropriate option to fill in the blank.

The project must be completed _____ the end of the week.

**Ans**
✗ 1. at
✗ 2. on
✓ 3. by
✗ 4. in

**Q.3** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Prostration

**Ans**
✗ 1. Impression
✗ 2. Counterpart
✓ 3. Refreshment
✗ 4. Acridness

**Q.4** Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.

As the news of the atomic attack reached Einstein, he <u>is becoming aware of</u> the glaring horror of the abuse of atomic energy.

**Ans**
✓ 1. became aware of
✗ 2. become the awareness
✗ 3. will be aware of
✗ 4. No substitution required

**Q.5** Change the meaning of the given sentence by replacing the underlined word with its ANTONYM from the following options.

Her overly <u>fastidious</u> approach to life is making her erratic.

**Ans**
✗ 1. Sincere
✗ 2. Impeccable
✓ 3. Lackadaisical
✗ 4. Serious

**Q.6** Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.

Esther is <u>making wrong choices</u> with that argument.

**Ans**
✗ 1.
barking at the sky
✗ 2.
barking her arms off
✗ 3.
barking about the bush
✓ 4.
barking up the wrong tree

**Q.7** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Hostile

**Ans**
✗ 1. Icy
✓ 2. Hospitable
✗ 3. Frigid
✗ 4. Antagonistic

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.8 Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.

Shakuntala was <u>very amazed</u> to see her name on the list.

Ans
1. worried
2. astonished ✔
3. accurate
4. swamped

Q.9 Select the most appropriate synonym of the word 'firm' to fill in the blank.

Despite facing numerous obstacles, the explorer remained __________ in her quest to reach the summit.

Ans
1. confused
2. determined ✔
3. cautious
4. exhausted

Q.10 Select the INCORRECTLY spelt word in the following sentence.
The acommodation was spacious enough for the entire family.

Ans
1. enough
2. spacious
3. acommodation ✔
4. entire

Q.11 Select the most appropriate option to fill in the blank.

She was deeply _________ by the gesture of kindness from her friend.

Ans
1. raised
2. disheartened
3. touched ✔
4. alerted

Q.12 Select the most appropriate synonym of the given word.

Blissful

Ans
1. Joyful ✔
2. Wishful
3. Frightful
4. Bountiful

Q.13 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans
1. Numerous
2. Inacuracies ✔
3. Inconsistencies
4. Critiqued

Q.14 The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.

Dravid and / his team / beautifully entered / the competition.

Ans
1. the competition
2. beautifully entered ✔
3. his team
4. Dravid and

Adda247

Q.15 **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Her _______________ in the face of adversity was truly commendable and inspired everyone around her.**

Ans
1. indifference ✗
2. negligence ✗
3. resilience ✓
4. cowardice ✗

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate change will (1)_______________ every aspect of our health and well-being. But its potential harms go (2)_______________ the body's ability to handle (3)_______________ heat, important as this is.Extreme weather events, such as floods, droughts, storms and wildfires, are becoming more (4)_______________ and severe. These affect our mental health in a multitude of ways. Coping with climate change can be overwhelming.It could increase the (5)_______________ of harmful substance use.

**SubQuestion No : 16**

Q.16 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

Ans
1. offend ✗
2. effect ✗
3. affect ✓
4. afflict ✗

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate change will (1)_______________ every aspect of our health and well-being. But its potential harms go (2)_______________ the body's ability to handle (3)_______________ heat, important as this is.Extreme weather events, such as floods, droughts, storms and wildfires, are becoming more (4)_______________ and severe. These affect our mental health in a multitude of ways. Coping with climate change can be overwhelming.It could increase the (5)_______________ of harmful substance use.

**SubQuestion No : 17**

Q.17 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

Ans
1. between ✗
2. before ✗
3. beyond ✓
4. besides ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate change will (1)________________ every aspect of our health and well-being. But its potential harms go (2)________________ the body's ability to handle (3)________________ heat, important as this is.Extreme weather events, such as floods, droughts, storms and wildfires, are becoming more (4)________________ and severe. These affect our mental health in a multitude of ways. Coping with climate change can be overwhelming.It could increase the (5)________________ of harmful substance use.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**

✗ 1. strange

✗ 2. farther

✓ 3. extreme

✗ 4. calm

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate change will (1)________________ every aspect of our health and well-being. But its potential harms go (2)________________ the body's ability to handle (3)________________ heat, important as this is.Extreme weather events, such as floods, droughts, storms and wildfires, are becoming more (4)________________ and severe. These affect our mental health in a multitude of ways. Coping with climate change can be overwhelming.It could increase the (5)________________ of harmful substance use.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**

✗ 1. pertinent

✗ 2. selected

✗ 3. marginal

✓ 4. frequent

Adda247

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Climate change will (1)________________ every aspect of our health and well-being. But its potential harms go (2)________________ the body's ability to handle (3)________________ heat, important as this is.Extreme weather events, such as floods, droughts, storms and wildfires, are becoming more (4)________________ and severe. These affect our mental health in a multitude of ways. Coping with climate change can be overwhelming.It could increase the (5)________________ of harmful substance use.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans**

✗ 1. task

✓ 2. risk

✗ 3. plan

✗ 4. track

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **निम्नलिखित मुहावरे के रेखांकित अशुद्ध भाग को उचित विकल्प से बदलें-**
**'छाती पर <u>चना</u> दलना'**

**Ans**

✗ 1. चावल

✗ 2. उड़द

✓ 3. मूँग

✗ 4. जौ

**Q.2** **'निहत्था' का विलोम है-**

**Ans**

✗ 1. हत्यारा

✗ 2. हथियारविहीन

✓ 3. हथियारबंद

✗ 4. हथियारहीन

**Q.3** **मेरी माँ अत्यन्त _____ व्यंजन बनाती है'|**
**रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित सार्थक शब्द है -**

**Ans**

✗ 1. हिमी

✗ 2. पकवान

✗ 3. भोजन

✓ 4. स्वादिष्ट

**Q.4** **'गार्ड ने सीटी बजायी और ट्रेन चल दी|' निम्नलिखित विकल्पों में से इस वाक्य के लिए कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**

**Ans**

✗ 1. सीटी बजाते ही ट्रेन चल दी गार्ड के |

✓ 2. गार्ड के सीटी बजाते ही ट्रेन चल दी|

✗ 3. गार्ड की सीटी से ट्रेन चल दी|

✗ 4. ज्यों ही गार्ड ने सीटी दी ट्रेन चल दी|

Adda247 GET IT ON Google Play

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-<br><br>सिंटू बड़ों की सेवा के तत्पर लिए है। | |
| Ans | ✗ 1. तत्पर है<br>✗ 2. है के लिए तत्पर<br>✓ 3. के लिए तत्पर है<br>✗ 4. का तत्पर है | |

| | |
|---|---|
| Q.6 | कौआ डाली से उड़ गया। इस वाक्य में कौआ शब्द का तत्सम रूप प्रयुक्त कर वाक्य पूर्ण कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. कोकिल डाली से उड़ गई।<br>✗ 2. कलघोष डाली से उड़ गया।<br>✗ 3. पिक डाली से उड़ गया।<br>✓ 4. काग डाली से उड़ गया। |

| | |
|---|---|
| Q.7 | निम्न में से किस वाक्य में कारक चिह्न का अशुद्ध प्रयोग हुआ है-- |
| Ans | ✓ 1. यमुना यमुनोत्री द्वारा निकलती है।<br>✗ 2. पेट के वास्ते मनुष्य क्या नहीं करता।<br>✗ 3. हे भगवान! मुझे दुखों से बचाइए।<br>✗ 4. उसे पत्र द्वारा सूचित कर दिया गया है। |

| | |
|---|---|
| Q.8 | दिए गए वाक्य के रेखांकित शब्द के आधार पर संज्ञा की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य की पहचान करें-- |
| Ans | ✗ 1. जिसके व्यवहार में नम्रता नहीं वह मनुष्य सफल नहीं हो सकता।<br>✗ 2. आजकल बहुत सर्दी पड़ रही है।<br>✗ 3. लड़कपन में कई बार बड़ी ग़लतियाँ हो जाती हैं।<br>✓ 4. यह पानी तो बहुत गर्म है इससे नहाना मुश्किल है। |

| | |
|---|---|
| Q.9 | वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य की पहचान कीजिए। |
| Ans | ✓ 1. अगामी दिनों में हम घुमने चलेंगे।<br>✗ 2. उसे क्षमा कर दो।<br>✗ 3. कार्यक्रम शुरू किया जाए।<br>✗ 4. गणित पढ़ना अच्छा होता है। |

| | |
|---|---|
| Q.10 | शब्द या वाक्यखण्ड बदलें और उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनें।<br>मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा देखी। |
| Ans | ✗ 1. मैं एक वर्ष उसकी प्रतीक्षा किया।<br>✗ 2. मैंने एक वर्ष उनकी प्रतीक्षा की।<br>✗ 3. मैंने सिर्फ वर्ष उनकी प्रतीक्षा देखी।<br>✓ 4. मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा की। |

| | |
|---|---|
| Q.11 | महाभारत के युद्ध में कौरवों के _____ का नाश हो गया।'<br>'तुम्हारे पास ______ कितने रुपये हैं ? '<br><br>उपर्युक्त वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त अनेकार्थी शब्द है - |
| Ans | ✗ 1. वंश<br>✓ 2. कुल<br>✗ 3. परिवार<br>✗ 4. दस |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.12 'गृहस्थ' का विलोम शब्द नीचे दिए विकल्पों में से चुनिए-

Ans
1. ग्रामवासी
2. संन्यासी
3. ब्रह्मचर्य
4. वानप्रस्थ

Q.13 **निम्नलिखित वाक्य में वर्तनी संबंधी त्रुटि की पहचान करें।**

**रेलगाड़ी अपनी रफ्तार में जंगलों और नदीयों को पार करते हुए दौड़े जा रही थी।**

Ans
1. रफ्तार
2. जंगलों
3. नदीयों
4. रेलगाड़ी

Q.14 'जिसे मारना उचित न हो'
उपरोक्त वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-

Ans
1. अवंश
2. अवक्र
3. अवध्य
4. अवज्ञेय

Q.15 'कृतज्ञ' का विलोम शब्द है-

Ans
1. कृपण
2. कुटिल
3. कृतघ्न
4. कपटी

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यह संतोष और गर्व की बात है कि देश वैज्ञानिक और (21) __________ क्षेत्र में आशातीत प्रगति कर रहा है। विश्व के समृद्ध अर्थव्यवस्था वाले देशों से टक्कर ले रहा है और उनसे आगे निकल जाना चाहता है, किंतु इस प्रगति के उजले पहलू के साथ एक धुँधला पहलू भी है जिससे हम (22)__________ चाहते हैं। वह है नैतिकता का पहलू। यदि हमारे हृदय में सत्य, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय भावनाएँ नहीं हैं ; देश के मान-सम्मान का ध्यान नहीं है; तो सारी प्रगति निरर्थक होगी। आज यह आम धारणा है कि बिना हथेली गर्म किए साधारण-सा काम भी नहीं हो सकता। भ्रष्ट अधिकारियों और भ्रष्ट जनसेवकों में अपना घर भरने की (23) _______ लगी है। उन्हें न समाज की चिंता है, न देश की। समाचार-पत्रों में अब रोजमर्रा की घटनाएँ आम हो गई हैं। लोग मान बैठे हैं कि यही हमारा राष्ट्रीय चरित्र है, जब कि वह सच नहीं है। (24)_________ मरी नहीं है, पर प्रचार अनैतिकता का हो रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती जा रही है कि जब बड़े लोग ही ऐसा कर रहे हैं तो हम क्या करें ? सबसे पहले तो इस सोच से मुक्ति पाना जरूरी है, और उसके बाद यह संकल्प किके भ्रष्टाचार से मुक्त समाज बनाएँगें। उन्हें (25) __________ करेंगे जो देश के नैतिक चरित्र को बिगाड़ रहे हैं।

**SubQuestion No : 16**

Q.16 विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(21)

Ans
1. ऐतिहासिक
2. औद्योगिक
3. सामाजिक
4. काल्पनिक

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यह संतोष और गर्व की बात है कि देश वैज्ञानिक और (21) __________ क्षेत्र में आशातीत प्रगति कर रहा है। विश्व के समृद्ध अर्थव्यवस्था वाले देशों से टक्कर ले रहा है और उनसे आगे निकल जाना चाहता है, किंतु इस प्रगति के उजले पहलू के साथ एक धुँधला पहलू भी है जिससे हम (22)___________ चाहते हैं। वह है नैतिकता का पहलू। यदि हमारे हृदय में सत्य, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय भावनाएँ नहीं हैं ; देश के मान-सम्मान का ध्यान नहीं है; तो सारी प्रगति निरर्थक होगी। आज यह आम धारणा है कि बिना हथेली गर्म किए साधारण-सा काम भी नहीं हो सकता। भ्रष्ट अधिकारियों और भ्रष्ट जनसेवकों में अपना घर भरने की (23) _______ लगी है। उन्हें न समाज की चिंता है, न देश की। समाचार-पत्रों में अब रोजमर्रा की घटनाएँ आम हो गई हैं। लोग मान बैठे हैं कि यही हमारा राष्ट्रीय चरित्र है, जब कि वह सच नहीं है। (24)_________ मरी नहीं है, पर प्रचार अनैतिकता का हो रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती जा रही है कि जब बड़े लोग ही ऐसा कर रहे हैं तो हम क्या करें ? सबसे पहले तो इस सोच से मुक्ति पाना जरूरी है, और उसके बाद यह संकल्प किके भ्रष्टाचार से मुक्त समाज बनाएँगें। उन्हें (25) __________ करेंगे जो देश के नैतिक चरित्र को बिगाड़ रहे हैं।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(22)**

**Ans**

✗ 1. स्वाधीनता

✓ 2. छुटकारा

✗ 3. रक्षा

✗ 4. पलायन

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यह संतोष और गर्व की बात है कि देश वैज्ञानिक और (21) __________ क्षेत्र में आशातीत प्रगति कर रहा है। विश्व के समृद्ध अर्थव्यवस्था वाले देशों से टक्कर ले रहा है और उनसे आगे निकल जाना चाहता है, किंतु इस प्रगति के उजले पहलू के साथ एक धुँधला पहलू भी है जिससे हम (22)___________ चाहते हैं। वह है नैतिकता का पहलू। यदि हमारे हृदय में सत्य, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय भावनाएँ नहीं हैं ; देश के मान-सम्मान का ध्यान नहीं है; तो सारी प्रगति निरर्थक होगी। आज यह आम धारणा है कि बिना हथेली गर्म किए साधारण-सा काम भी नहीं हो सकता। भ्रष्ट अधिकारियों और भ्रष्ट जनसेवकों में अपना घर भरने की (23) _______ लगी है। उन्हें न समाज की चिंता है, न देश की। समाचार-पत्रों में अब रोजमर्रा की घटनाएँ आम हो गई हैं। लोग मान बैठे हैं कि यही हमारा राष्ट्रीय चरित्र है, जब कि वह सच नहीं है। (24)_________ मरी नहीं है, पर प्रचार अनैतिकता का हो रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती जा रही है कि जब बड़े लोग ही ऐसा कर रहे हैं तो हम क्या करें ? सबसे पहले तो इस सोच से मुक्ति पाना जरूरी है, और उसके बाद यह संकल्प किके भ्रष्टाचार से मुक्त समाज बनाएँगें। उन्हें (25) __________ करेंगे जो देश के नैतिक चरित्र को बिगाड़ रहे हैं।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(23)**

**Ans**

✗ 1. पट्टी

✗ 2. बाजी

✗ 3. शर्त

✓ 4. होड़

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यह संतोष और गर्व की बात है कि देश वैज्ञानिक और (21) __________ क्षेत्र में आशातीत प्रगति कर रहा है। विश्व के समृद्ध अर्थव्यवस्था वाले देशों से टक्कर ले रहा है और उनसे आगे निकल जाना चाहता है, किंतु इस प्रगति के उजले पहलू के साथ एक धुँधला पहलू भी है जिससे हम (22)___________ चाहते हैं। वह है नैतिकता का पहलू। यदि हमारे हृदय में सत्य, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय भावनाएँ नहीं हैं ; देश के मान-सम्मान का ध्यान नहीं है; तो सारी प्रगति निरर्थक होगी। आज यह आम धारणा है कि बिना हथेली गर्म किए साधारण-सा काम भी नहीं हो सकता। भ्रष्ट अधिकारियों और भ्रष्ट जनसेवकों में अपना घर भरने की (23) _______ लगी है। उन्हें न समाज की चिंता है, न देश की। समाचार-पत्रों में अब रोजमर्रा की घटनाएँ आम हो गई हैं। लोग मान बैठे हैं कि यही हमारा राष्ट्रीय चरित्र है, जब कि वह सच नहीं है। (24)_________ मरी नहीं है, पर प्रचार अनैतिकता का हो रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती जा रही है कि जब बड़े लोग ही ऐसा कर रहे हैं तो हम क्या करें ? सबसे पहले तो इस सोच से मुक्ति पाना जरूरी है, और उसके बाद यह संकल्प किके भ्रष्टाचार से मुक्त समाज बनाएँगें। उन्हें (25) __________ करेंगे जो देश के नैतिक चरित्र को बिगाड़ रहे हैं।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(24)**

**Ans**

✗ 1. अलौकिकता

✗ 2. मानविकता

✓ 3. नैतिकता

✗ 4. अराजकता

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यह संतोष और गर्व की बात है कि देश वैज्ञानिक और (21) __________ क्षेत्र में आशातीत प्रगति कर रहा है। विश्व के समृद्ध अर्थव्यवस्था वाले देशों से टक्कर ले रहा है और उनसे आगे निकल जाना चाहता है, किंतु इस प्रगति के उजले पहलू के साथ एक धुँधला पहलू भी है जिससे हम (22)___________ चाहते हैं। वह है नैतिकता का पहलू। यदि हमारे हृदय में सत्य, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय भावनाएँ नहीं हैं ; देश के मान-सम्मान का ध्यान नहीं है; तो सारी प्रगति निरर्थक होगी। आज यह आम धारणा है कि बिना हथेली गर्म किए साधारण-सा काम भी नहीं हो सकता। भ्रष्ट अधिकारियों और भ्रष्ट जनसेवकों में अपना घर भरने की (23) _______ लगी है। उन्हें न समाज की चिंता है, न देश की। समाचार-पत्रों में अब रोजमर्रा की घटनाएँ आम हो गई हैं। लोग मान बैठे हैं कि यही हमारा राष्ट्रीय चरित्र है, जब कि वह सच नहीं है। (24)_________ मरी नहीं है, पर प्रचार अनैतिकता का हो रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती जा रही है कि जब बड़े लोग ही ऐसा कर रहे हैं तो हम क्या करें ? सबसे पहले तो इस सोच से मुक्ति पाना जरूरी है, और उसके बाद यह संकल्प किके भ्रष्टाचार से मुक्त समाज बनाएँगें। उन्हें (25) __________ करेंगे जो देश के नैतिक चरित्र को बिगाड़ रहे हैं।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **निम्न विकल्पों में से उचित शब्द चयन कर अनुच्छेद में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।(25)**

**Ans**

✗ 1. बेकदर

✗ 2. बेअदब

✓ 3. बेनकाब

✗ 4. बेकसूर

Adda247